NT>

**13.00 hrs.**

Title: Regarding alleged attack on a journalist of Zee TV.

**श्री रामजीलाल सुमन (फिरोजाबाद) :** अध्यक्ष महोदय, कल सुबह ज़ी-टीवी के संवाददाता, श्री नवीन कुमार के निवास स्थान, जो शकरपुर क्षेत्र के लक्ष्मी नगर इलाके में है, पर प्राण घातक हमला हुआ है। श्री नवीन कुमार 13 दिसम्बर को जो संसद पर हमला हुआ था, उस सिलसिले में डाक्युमेन्ट्री फिल्म तैयार कर रहे हैं। दो वाँ से बराबर उनको धमकियां मिल रहीं थीं कि उनके साथ अप्रिय घटना संभव है। चार लोगों ने हथगोले फैंके और जो रिपोर्ट अब तक प्रकाश में आई है, उससे लगता है कि जो हथगोले संसद भवन पर फैंके गए थे, उसी से मिलते जुलते टुकड़े वहां पर मिले हैं। यह बहुत गम्भीर मामला है और लगता है कि देश में कोई भी व्यक्ति सुरक्षित नहीं रह पाएगा। कोई पत्रकार काम कर पाएगा या नहीं कर पाएगा, यह बहुत गम्भीर घटना है। मेरा स्पट आरोप है कि भारत सरकार का खुफिया तन्त्र पूरी तरह से असफल रहा है और लोगों की जान-माल की कोई सुरक्षा नहीं है। पत्रकार काम नहीं कर पा रहे हैं। जब उन्होंने बार-बार गुहार की कि उनकी जान को खतरा है, तब उनको समुचित सुरक्षा मुहैया कराई गई और उसके बावजूद उन पर हमला हुआ।

महोदय, यह बहुत गम्भीर घटना है। मैं चाहता हूं कि सरकार इस विाय पर गम्भीरता से विचार करे और समस्या को देखे।

**अध्यक्ष महोदय** : श्री ब्रह्मानन्द मंडल जी, आपने एक प्रिवलेज नोटिस दिया है। इस विाय पर आप जीरो आवर में बोल सकते हैं।